हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 25 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 28.8 डिग्री
न्यूनतम 7.8 डिग्री

12 सीटू कार्यकर्ताओं ने मजदूर विरोधी चार लेबर कोड की प्रतियां फूंकी



12 जीवन में हर मनुष्य निभा रह है अपना रोल



## खबर संक्षेप

### धान घोटाले पर किसानों की चिंता बढ़ी

**करनाल।** हरियाणा में लगभग 5000 करोड़ रुपये के कथित धान घोटाले को लेकर किसान समुदाय में भारी रोष है। भारतीय किसान यूनियन ने प्रधानमंत्री के हरियाणा दौरे के दौरान इस विषय पर स्पष्ट बयान और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि यह केवल लेखा गड़बड़ी नहीं, बल्कि किसानों की कमाई पर हमला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को हरियाणा में इस विषय पर साफ-साफ बोलना होगा—आधे-अधूरे जवाब स्वीकार नहीं होंगे। भाकियू ने कुरुक्षेत्र के उपायुक्त को पत्र लिखकर प्रधानमंत्री से मिलने का समय मांगा है, ताकि इस मामले को उनके समक्ष सीधे रखा जा सके।

### घर से 1.70 लाख रुपये की नगदी चोरी

**यमुनानगर।** गांव खदरी में एक घर में रखी 1.70 लाख रुपये की नगदी चोरी हो गई। मकान मालिक ने उत्तर प्रदेश के जिला मुजफ्फरपुर के पानापुर निवासी रंजीत दास पर पैसे चोरी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव खदरी निवासी प्रवीण कुमार ने बूडिया थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके घर पर उत्तर प्रदेश के जिला मुजफ्फरपुर के गांव पानापुर निवासी रंजीत दास का आना-जाना था।

### दुर्घटना पीडित परिवारों को मिलेगे पांच लाख

**पानीपत।** हरियाणा सरकार ने किसी भी दुर्घटना में घायल या मरने वाले नागरिकों के परिजनों को एक से पांच लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए दयालु-टू नाम से योजना शुरु की हुई है। जिसको हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास के तत्वावधान में संचालित किया जा रहा है। वहीं, किसी दुर्घटना, आवारा या पालतू पशु की टक्कर से किसी नागरिक की मृत्यु हो जाती है या वह गंभीर रूप से घायल हो जाता है तो आयु अनुसार एक से पांच लाख रूपये तक की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

### इसराना मंडी के सामने हाईवे में कट खोलने की मांग

**पानीपत।** पानीपत जिले के इसराना की नई अनाज मंडी में अनाज लेकर आने वाले किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंडी तक पहुंचने के लिए किसानों को या तो पांच किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता है या फिर उन्हें गलत दिशा (रॉन्ग साइड) में वाहन चलाना पड़ता है। इस कारण सड़क हादसों का खतरा बना रहता है और किसानों व व्यापारियों में सरकार के प्रति रोष बढ़ रहा है। किसानों ने मंडी के सामने हाईवे में कट बनाने की मांग की है।

# मंत्रोच्चारण और शंखनाद के बीच पवित्र ग्रंथ गीता के महापूजन से हुआ महोत्सव-2025 का आगाज

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कैबिनेट मंत्री अनिल विज, कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, सांसद नवीन जिंदल, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने ब्रह्मसरोवर पर किया गीता पूजन*

आगाज के साथ ही ब्रह्मसरोवर के चारों तरफ पवित्र ग्रंथ गीता के श्लोकोच्चारण से पूरी फिजा ही गीतामय हो गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मंत्रोच्चारण और शंखनाद की गुंजायमान ध्वनि के बीच कुरुक्षेत्र के अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 में पवित्र ग्रंथ गीता के पूजन की रस्म को अदा किया गया है। पवित्र ग्रंथ गीता के महापूजन तथा गीता के श्लोकों के उच्चारण के बीच कुरुक्षेत्र के अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 का आगाज हो चुका है। इस आगाज के साथ ही ब्रह्मसरोवर के चारों तरफ पवित्र ग्रंथ गीता के श्लोकोच्चारण से पूरी फिजा ही गीतामय हो गई। इसके साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कैबिनेट मंत्री अनिल विज, कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, कुरुक्षेत्र लोकसक्षा क्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने गीता यज्ञ में पूर्ण आहुति भी डाली और ब्रह्मसरोवर का पूजन भी किया। इस हवन यज्ञ में शंखनाद की ध्वनि के बीच ब्रह्मसरोवर के चारों तरफ श्लोकोच्चारण से पूरी फिजा ही गीतामय हो गई। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कैबिनेट मंत्री अनिल विज, कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, सांसद नवीन जिंदल, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा का धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र में पहुंचने पर सबसे पहले उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने स्वागत किया। इसके उपरांत सोमवार को ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग में जैसे ही सभी मेहमानों आगमन हुआ, उसी समय मंत्रौच्चारण के बीच मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती, हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी, केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने परम्परा अनुसार स्वागत किया। यहां पर देश के विभिन्न राज्यों से आए लोक कलाकारों ने अपने-अपने प्रदेश की वेशभूषा में सुसज्जित होकर परंपरा अनुसार सभी मेहमानों और पर्यटकों का कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर पहुंचनें पर अभिनंदन किया।

### स्टॉलों का किया अवलोकन

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पंडित बलराम गौतम, पंडित सोमनाथ शर्मा, गोपाल कृष्ण गौतम, अनिल व रुद्र द्वारा शखेकोंच्चारण के बीच पवित्र ग्रंथ गीता के महापूजन से अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 का शुभारम्भ किया। इससे पहले सभी मेहमानों ने हरियाणा के पैवेलियन का उद्घाटन करने के उपरांत वहां के खान-पान, रहन-सहन, परिधानों को दशानें वाले स्टॉलों का अवलोकन भी किया। इसके पश्चात सभी मेहमानों ने कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्यों और अधिकारियों के साथ एक ग्रुप स्मृति चित्र भी करवाया। पवित्र ग्रंथ गीता के महापूजन व हवन यज्ञ में पूणार्हुति से इन मेहमानों के गरिमामयी आगमन के साथ अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 का शुभारम्भ हो गया।







**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्मसरोवर पर पूजा अर्चना करते राजनाथ सिंह, गीता पूजन करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज तथा गीता यज्ञ में पूर्ण आहुति डालते रक्षा मंत्री।

### धर्मनगरी में आध्यात्मिक, संस्कृति, ज्ञान एवं कला का दिव्य संगम हो रहा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गीता यज्ञ में पूर्ण आहुति डालने के बाद पवित्र ग्रंथ गीता का पूजन किया गया। इसके बाद सभी मेहमानों में परंपरा अनुसार पवित्र ब्रह्मसरोवर का भी पूजन किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश और प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में आध्यात्मिक, संस्कृति, ज्ञान एवं कला का दिव्य संगम हो रहा है। केंद्र और राज्य सरकार के प्रयासों से गीता जयंती को अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का दर्जा मिला। इस पावन धरा पर सरस्वती के तट पर ही वेद, उपनिषेदों और पुराणों की रचना हुई। इतना ही नहीं सम्राट हर्षवर्धन की वैभवशाली राजधानी थानेसर भी यहीं पर है। कुरुक्षेत्र की इसी महता को जानते हुए भगवान श्रीकृष्ण ने इसे महाभारत युद्ध के लिए चुना था, यहीं पर अर्जुन को कर्मयोग का दिव्य संदेश दिया, जो आज भी मानव के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

### गीता भारतीयों को ही नहीं बल्कि विदेशियों को भी प्रिय

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि गीता केवल दार्शनिक एवं आध्यात्मिक दृष्टिद्व से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि इसकी व्यावहारिक जीवन में भी उपयोगिता है। यह ज्ञान-विज्ञान का अनूठा उदाहरण है, यहीं कारण है कि गीता भारतीयों को ही नहीं बल्कि विदेशियों को भी प्रिय है। पिछले 9 वर्षों से महोत्सव को अपार सफलता और लोकप्रियता मिली, वर्ष 2019 में यह महोत्सव देश से बाहर मॉरीशस, लंदन, कनाडा, आस्ट्रेलिया व श्रीलंका आदि देशों में भी मनाया गया।

### 5 दिसंबर तक जारी रहेगा महोत्सव

कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा इस महोत्सव में हर साल लाखों की संख्या में लोग शिरकत करते है और इस महोत्सव का आनंद लेते है। यह महोत्सव 5 दिसंबर तक जारी रहेगा। इस महोत्सव को लेकर पूरे प्रदेश में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस बार अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में मध्य प्रदेश सहयोगी राज्य के रूप में शिरकत कर रहा है। इस महोत्सव में हर साल लाखों श्रद्धालु भाग लेते है।

### महोत्सव ने दुनिया में बनाई पहचान

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने गीता जयंती पर्व की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 में सरस और शिल्प मेले का आगाज 15 नवंबर से हो चुका है। इस महोत्सव ने पूरी दुनिया में अपनी एक पहचान बना ली है। इस महोत्सव की परंपरा का निर्वहन करते हुए हवन यज्ञ, गीता यज्ञ और ब्रह्मसरोवर के पूजन का कार्य किया गया। यह महोत्सव आमजन का महोत्सव बन चुका है और पूरे देश और विदेश के लोग इस महोत्सव के साथ जुड़ चुके है।

### हरियाणवी संस्कृति का आईना है हरियाणा पैवेलियन: राजनाथ सिंह

**कुरुक्षेत्र।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हरियाणा पैवेलियन हरियाणवी संस्कृति का आईना है जो सभी को हरियाणा की समृद्ध लोक कला एवं संस्कृति को प्रदर्शित करता है। हरियाणा पैवेलियन के माध्यम से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणवी संस्कृति के उत्थान व संरक्षण में सराहनीय योगदान दे रहा है। इस सराहनीय योगदान के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अधिकारी बधाई के पात्र है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर पुरुषोत्तमपुरा बाग में स्थापित हरियाणा पैवेलियन का उद्घाटन करने के उपरांत बातचीत कर रहे थे। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कैबिनेट मंत्री अनिल विज, कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, सांसद नवीन जिंदल, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने हरियाणा पैवेलियन में पहुंचकर विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान हरियाणा की आन-बान-शान पगड़ी बांधकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का सम्मान किया गया।



#### हमें संस्कृति पर होना चाहिए गर्व

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय ने कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के साथ मिलकर हरियाणा की लोक संस्कृति को सम्पूर्ण विश्व में आम जन तक पहुंचाने का कार्य किया है। अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती समारोह में हरियाणा पैवेलियन युवा पीढ़ी को हरियाणा राज्य की प्राचीन समृद्ध संस्कृति एवं विरासत को जानने, समझने तथा उससे जुड़ने का सुगम अवसर प्रदान करती है। हरियाणा की लोक कला एवं संस्कृति की पहचान भारत में ही नहीं अपितु पूरे विश्व में है। हमें अपनी संस्कृति एवं संस्कार पर गर्व होना चाहिए। गीता महोत्सव में हरियाणा पैवेलियन ग्रामीण संस्कृति की चमक को बिखेर रहा है तथा यह लोक कला एवं संस्कृति का भी समृद्ध संगम है। हरियाणा पैवेलियन ग्राम्य संस्कृति का उत्कृष्ट उद्गम है जहां प्राचीन हरियाणवी लोक संस्कृति के बहुआयामी रंगों को प्रदर्शित किया गया है।

# सड़क हादसों में दो युवकों की मौत, पिता व बच्चों समेत चार घायल

- जिले में अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसे
- पुलिस ने आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई जबकि पिता व दो बच्चों समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव पोटली निवासी अरूण ने जठलाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका 25 वर्षीय भाई आशीष अपने साथी अवनीश के साथ बाइक पर रविवार रादौर किसी काम से गया था। शाम को करीब छह बजे जब वह बाइक पर घर लौट रहे थे तो गांव नाचरौन के पास तेज गति से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गए। आरोपी चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां आशीष को डाक्टरों ने मृत घायल कर दिया। जबकि अवनीश का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



**यमुनानगर।** रादौर के नजदीक कार की टक्कर लगने से खाई में पड़ी क्षतिग्रस्त बाइक।

#### इलाज के दौरान पीजीआई में मौत

उधर, गांव मामली निवासी मोहम्मद आरिफ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 16 नवंबर को अपने साथी गांव के ही 32 वर्षीय इस्लाम मोहम्मद उर्फ सलीम के साथ अपनी-अपनी बाइकों पर गांव से जगाधरी जा रहे थे। मामली बाइपास के पास बिलासपुर की तरफ से आ रही आल्टो कार ने सलीम की बाइक में साइड मार दी। टक्कर लगते ही सलीम मोटरसाइकिल सहित सड़क किनारे खाई में जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने उसे जगाधरी सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे चंडीगढ़ पीजीआई रैफर कर दिया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

#### कार की टक्कर से पिता व दो बच्चे घायल

गांव कांजून निवासी इंद्र कांबोज ने बताया कि सोमवार सुबह वह अपने दो बच्चों को बाइक पर राद्धौर स्कूल में छोड़ने के लिए जा रहा था। इस दौरान रास्ते में गुरूग्राम नंबर की स्विफ्ट डिजायर कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उनकी बाइक सड़क किनारे बनी खाई जा गिरी। वह तीनों घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया।

# चलती बस में महिला के सूटकेस से गहनों व नगदी से भरा पर्स चोरी

## पर्स में थे 10 तोले सोने के आभूषण तथा डेढ़ लाख रुपये की नगदी

- पुलिस ने अज्ञात तीन चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साढौरा थाना क्षेत्र के गांव असगरपुर के पास तीन चोरों ने चलती बस से सूटकेस में रखा लेडिस पर्स चोरी कर लिया। पर्स में करीब 10 तोले सोने के आभूषण तथा डेढ़ लाख रुपये की नगदी थी। पुलिस ने पीड़ति महिला की शिकायत पर अज्ञात तीन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार जठलाना थाना क्षेत्र के गांव रतनगढ़ निवासी परमजीत कौर ने साढौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 21 नवंबर को दोपहर डेढ़ बजे बस में सवार होकर अपनी रिश्तेदारी में जा रही थी। इस दौरान उसने बस में अपने कपड़ों से भरा सूटकेस रखा हुआ था। सूटकेस के अंदर उसका पर्स रखा था। जिसमें करीब 10 तोले सोने के आभूषण तथा डेढ़ लाख रुपये रखे थे। बस में तीन व्यक्ति उसके सूटकेस के पास आकर खड़े हो गए। बस में अधिक भीड़ होने के कारण तीनों आरोपी लोगों ने सूटकेस से उसका पर्स चोरी कर लिया। इसके बाद आरोपी बस रुकवा कर वहां से चले गए। आरोपियों के जाने के बाद जब उसने अपना सूटकेस खोल कर देखा तो उसमें से उसका पर्स गायब मिला। यह देखकर उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई।

#### बाइक की डिग्गी से नगदी चोरी

बाइक की डिग्गी से नगदी, चांदी की चेन व दो अंगूठियां चोरी

गांव सलेमपुर बांगर निवासी निर्मल धीमान ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 22 नवंबर को शाम छह बजे शहर जगाधरी के बूड़िया चौक के पास आया था। उसकी बाइक की डिग्गी में 7340 रुपये, एक चांदी की चेन व दो चांदी की अंगूठियां रखी थी। इस दौरान चोरों ने उसकी बाइक की डिग्गी से नगदी व सोने की चेन व अंगूठियां चोरी कर ली। जब उसने डिग्गी खोलकर चेक की तो उसमें से नगदी व चांदी के जेवर गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# व्यक्ति पर युवती के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप

- विरोध करने पर युवती के पिता व चाचा के साथ की मारपीट
- पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को नामजद करते हुए आठ-नौ अन्य लड़कों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर जगाधरी की एक कॉलोनी में व्यक्ति ने युवती के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी ने युवती के पिता व चाची के साथ मारपीट की। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी व्यक्ति को नामजद करते हुए आठ-नौ अन्य लड़कों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार शहर जगाधरी की एक कालोनी निवासी 18 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 नवंबर को दोपहर साढ़े 12 बजे वह कॉलोनी में ही किसी काम से जा रही थी। इस दौरान जसपाल सिंह उर्फ भट्टी ने उसके साथ छेड़छाड़ की। जब उसने घर आकर इस बारे अपने पिता व चाचा को बताया तो उन्होंने आरोपी का विरोध किया। इसके बाद आरोपी जसपाल ने अपने आठ-नौ अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके चाचा व पिता के साथ मारपीट की। जिससे वह दोनों घायल हो गए। इसके बाद आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी जसपाल सिंह को नामजद करते हुए अन्य लड़कों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



### डेढ़ एकड़ में आबाद हो रही अवैध कॉलोनी में हुए निर्माण ढहाए

**अंबाला।** जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा अर्बन एरिया के गांव सरसेहड़ी में लगभग 1.5 एकड़ में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी में बनी हुई टाइल वाली सडक़ों को पूर्ण रूप से धवस्त कर दिया गया। मौका पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट कम जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान, कनिष्ठ अभियंता रविंद्र, कनिष्ठ अभियंता अभिषेक पुलिस बल के साथ उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने आम जनता से अपील की है कि अवैध कॉलोनियां काटने वाले प्रोपर्टी डीलरों के झांसे में न आएं।

**एसडीएम ने अधिकारियों को दिए जरुरी निर्देश, कई वार्डों में लोग बीमारियों से पीड़ित**

# हैपेटाइटिस ए व ई बीमारी पर रोक के लिए ले रहे सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

उपमंडल अधिकारी सतिंद्र सिवाच की अध्यक्षता में सोमवार दोपहर 12 बजे हैपेटाइटिस ए व ई बीमारी की रोकथाम तथा नगर में साफ-सफाई के लिए महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगरपालिका, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। एसडीएम ने नगरपालिका सचिव को निर्देश दिए कि नगर पालिका क्षेत्र के सभी वार्डों में साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए तथा नाले-नालियों की तुरंत सफाई के लिए नगरपालिका कर्मचारियों की तीन विशेष टीमों का गठन किया गया है जो प्रभावित क्षेत्रों में अभियान चलाएंगी। इस दौरान जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को आदेश दिए गए कि प्रतिदिन सुबह 6 बजे से पानी की सप्लाई और गुणवता की जांच की जाए तथा क्लोरीन की उचित मात्रा मिलाकर पेयजल को सुरक्षित बनाया जाए। एसडीएम ने साफ-सफाई को लेकर विशेष चिंता जताते हुए सचिव, नगरपालिका को निर्देशित किया कि अधोया रोड, नई अनाज मंडी, खाली प्लॉटों में भरे पानी, गलियों में पड़े कूड़े-कचरे और नालियों में रुके पानी को तुरंत हटाया जाए। इसके लिए अगले 15 दिनों तक विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।



#### टीम ने किए घर-घर सैंपल

एसडीएम ने बताया कि हैपेटाइटिस ए व ई की रोकथाम हेतु उपमंडल स्तरीय संयुक्त टीम गठित की गई, जिसमें नायब तहसीलदार, जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी व वार्डों के सदस्य शामिल थे। टीम ने वार्ड 3 और 7 में घर-घर जाकर पानी व ब्लड के सैंपल लिए। जनस्वास्थ्य विभाग के कनिष्ठ अभियंता दीपक कुमार राणा ने बताया कि विभाग द्वारा लगभग 100 अवैध पानी कनेक्शन काटकर व्यवस्थित रूप से मरम्मत करवाई गई है।

#### लाइसेंसधारी प्लंबर से ही कनेक्शन करवाएं

दीपक कुमार राणा ने अपील की कि कोई भी नागरिक स्वयं अवैध रूप से पानी या सीवरेज कनेक्शन न करें, बल्कि विभागीय लाइसेंसधारी प्लंबर से ही कनेक्शन करवाएं। उन्होंने यह भी बताया कि पहले पानी व सीवरेज कनेक्शन की सरकारी फीस 8000 रुपये थी जिसे अब घटाकर केवल 1500 रुपये कर दिया गया है। बैठक में निर्देश दिए गए कि विभागीय अधिकारी निरंतर पानी के सैंपल लेकर लैब में जांच कराएंगे। यदि किसी वार्ड में पानी की पाइप लाइन टूटने, रिसाव या किसी अन्य समस्या की जानकारी मिले तो नागरिक तुरंत दीपक कुमार राणा के 9034914557 या पवन सिंह, सुपरवाइजर 9812286524 से संपर्क कर सकते हैं।

खबर संक्षेप

## अमित कुमार बने वाल्मीकि संघ के प्रधान



**करनाल।** भगवान वाल्मीकि जनकल्याण संघ (रजि.), वाल्मीकि भवन सेक्टर-9 करनाल का चुनाव सोमवार को लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। मतदान प्रक्रिया चुनाव अधिकारी आर.एस. शर्मा (सेवानिवृत्त अधिकारी) की देखरेख में सुबह से शाम तक चली। कुल 108 सदस्यों में से 103 ने मतदान किया। प्रधान पद के लिए अमित कुमार और कर्म सिंह के बीच मुकाबला हुआ। अमित कुमार को 54 वोट प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंदी कर्म सिंह को 48 वोट मिले। इस प्रकार अमित कुमार ने 6 वोटों से जीत दर्ज कर प्रधान पद हासिल किया।

## ट्रैक्टर रजिस्ट्रेशन पर फीस बढ़ाने का विरोध



**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने ट्रैक्टर रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण फीस में की गई भारी वृद्धि पर कड़ा विरोध जताया है। संगठन के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा फीस को 10 गुना तक बढ़ाना किसानों पर सीधा आर्थिक प्रहार है। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर किसान का मूल कृषि उपकरण है और बीजाई से लेकर कटाई तक हर कार्य में ट्रैक्टर की जरूरत पड़ती है। ऐसे में नवीनीकरण शुल्क बढ़ाना किसानों की आय बढ़ाने के सरकारी दावों के उलट है। बहादुर मैहला ने कहा कि गलत नीतियों के कारण किसानों की आय पहले ही कम हो चुकी है और हजारों किसान खेती छोड़ने को मजबूर हुए हैं।

## डीएवी पीजी कॉलेज में लगा पुस्तक मेला

**करनाल।** डीएवी पीजी कॉलेज परिसर में अनूप किताब घर, पानीपत द्वारा आयोजित पुस्तक मेले का निरीक्षण विश्वविद्यालय के कुलपति एवं प्राचार्य प्रो. डॉ. रामपाल सैनी ने किया। उनके साथ पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संजय गुप्ता एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। प्राचार्य ने कहा कि मेले में इतिहास, भाषा, राजनीति, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, कविता, जीवन चरित्र और राष्ट्र निर्माण से संबंधित पुस्तकें विशेष आकर्षण रहीं। रवीन्द्रनाथ टैगोर, मुंशी प्रेमचंद, महादेवी वर्मा, रामप्रसाद बिस्मिल आदि की कृतियाँ विद्यार्थियों की पहली पसंद रहीं। विद्यार्थियों द्वारा पुस्तकालय हेतु जो पुस्तकें चुनी गईं।

## पीएम आगमन पर जिले में नो-उड़ान क्षेत्र घोषित

**करनाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंबाला व कुरुक्षेत्र दौरे को देखते हुए जिलाधीश एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने 25 नवम्बर को दोपहर 1 बजे से शाम 7 बजे तक करनाल जिले में नो-उड़ान क्षेत्र घोषित किया है। इस अवधि में जिले में ड्रोन, उड़न कैमरा, रिमोट नियंत्रित विमान, ग्लाइडर या किसी भी मानव रहित उड़ान उपकरण के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। आदेशों के उल्लंघन पर भारतीय न्याय संहिता के तहत दंड का प्रावधान किया गया है।

### प्रदेश भर में निकाली जा यात्रा में उमड़ रहा जन सैलाब

# गुरु तेग बहादुर की शहादत में निकाली जा रही यात्रा का पुष्पवर्षा से किया स्वागत

गुरु तेग बहादुर जी का जीवन हमें बताता है कि वह हमेशा सत्य और धर्म के लिए खड़े हुए और बलिदान दिया





तरावड़ी। शहीदी यात्रा तरावड़ी के गुरूद्वारा से रवाना होती हुई व पालकी साहिब के आगे नतमस्तक होती साध संगत। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

श्री गुरु तेग बहादुर के 350 में शहीदी दिवस पर प्रदेश भर में यात्रा निकाली जा रही है इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन और उनके द्वारा धर्म के लिए किए गए त्याग और बलिदान को जन-जन तक पहुंचाना है। गत शनिवार को रात्रि शहीदी यात्रा गांव रंबा से होते हुए जी टी रोड, सौंकड़ा रोड़, अंजनथली रोड से होते हुए तरावड़ी के श्री गुरु तेग बहादुर शीशगंज गुरुद्वारा साहिब में पहुंची। पूरे रास्ते मे शहर समाजिक, धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि व साध संगत का फूलो की वर्षा करके शहीदी यात्रा का स्वागत किया। रात्रि गुरूद्वारा मे विश्राम के बाद प्रातः शहीदी यात्रा के साथ चल रहे प्रबंधक व सेवादारों का गुरूद्वारा कमेटी तरावड़ी द्वारा सिरोपा पहनाकर स्वागत किया। पंज प्यारे की अगुवाई मे शहीदी यात्रा को रवाना किया। यहां से यह यात्रा अंजनथली रोड़ से होते हुये पुरानी नीलोखेड़ी, कारसा रोड़ स्थित गुरूद्वारा से होते हुये कुरूक्षेत्र पंहुचेगी। इस अवसर पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह लाडी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का जीवन हमें बताता है कि वह हमेशा सत्य और धर्म के लिए खड़े हुए हैं। उन्होंने धर्म की रक्षा के लिये अपने आप को भी निछावर कर दिया। हमें न्याय के आगे कभी झुकना नहीं चाहिए। सत्य और मानव अधिकारों के लिए सदैव खड़े रहना चाहिए।

**शांति सद्भाव और प्रेम का संचार ही असली धर्म**

भूपेंद्र सिंह लाडी ने कहा, समाज में शांति सद्भाव और प्रेम का संचार ही धर्म असली धर्म है। गुरु तेग बहादुर जी के अपने पवित्र शब्दों के माध्यम से भी मानवता का मार्गदर्शन किया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा श्री गुरु तेग बहादुर को हिंद की चादर का कहा जाता है जो मनुष्य धर्म और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राण भी दे दे वह सच्चा वीर है। हम सभी को उनके दिखाएं मार्ग पर चलना चाहिए। इस अवसर पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर कार सेवा दिल्ली वाले बाबा बचन सिंह, जत्थेदार बाबा जोगा सिंह तरावड़ी, पूर्व सरपंच वीरेन्द्र सिंह, मलकीत सिंह, गुर प्रताप सिंह, कंवल खुल्लर, हैड ग्रंथी बाबा गुर प्रताप राणा, रागी मनिन्द्र सिंह, मैनेजर परमजीत सिंह, बाबा जसविन्द्र सिंह, के अलावा सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



तरावड़ी। नई अनाज मंडी की चारदीवारी का शिलान्यास करते विधायक भगवानदास कबीरपंथी साथ मे चेयरमैन शिव नाथ कपूर। फोटो :हरिभूमि

# विधायक ने अनाज मंडी की चारदीवारी का समारोह पूर्वक किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी/तरावड़ी

आज गांव मनक माजरा के पास नई अनाज मंडी की चारदीवारी का समारोह पूर्वक शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक भगवानदास कबीरपंथी,मार्केट कमेटी के चेयरमैन एवं भाजपा नेता शिव नाथ कपूर एवं उपचेयरमैन मलखान सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक भगवान दास कबीरपंथी तथा चेयरमैन शिव नाथ कपूर ने अपने संबोधन में कहा कि इस नई मंडी के निर्माण से नीलोखेड़ी की वर्तमान मंडी से होने वाली परेशानी से लोगों को काफी राहत मिल सकेगी,चूंकि यह अनाज मंडी काफी छोटी है जिस कारण किसानों को अपनी रबि व खरीफ की फसल सडक़ो पर गिरवानी पड़ती है जिससे आसपास के रहने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पडता है।

**पौने तीन करोड़ से होगा निर्माण**

कबीरपंथी के अनुसार इसकी चारदीवारी के निर्माण पर करीब पौने तीन करोड की लागत आएगी तथा मंडी के संपूर्ण निर्माण पर करीब 25 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है ।करीब 24एकड भूमि पर मंडी का निर्माण होगा जिसमें किसानों, आढतियों तथा मजदूर वर्ग को जरुरी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मुकेश भारती,जय भगवान सीकरी,सतनाम आहुजा बलबीर शर्मा,वीरेंद्र मलिक,नवीन कपूर,कर्म सिंह जांबा,जौनी शर्मा,बीड बडालवा के सरपंच तथा पंडित कृष्ण लाल शर्मा,चमेल सिंह, राकेश गुप्ता,नरेश चुघ,जगदीश वर्मा,सुरजीत फौजी,कपिल बक्शी आदि रहे।

# जस्टिस सूर्यकांत के सीजेआई बनने पर बार एसोसिएशन में छाई खुशी

■ सूर्यकांत ने अपने अब तक के सभी फैसलों में कानून और न्याय के मूल सिद्धांतों को सर्वोपरि रखा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा के गौरव जस्टिस सूर्यकांत के सोमवार को भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में शपथ लेने पर करनाल जिला बार एसोसिएशन में खुशी की लहर दौड़ गई। कोर्ट परिसर में विशेष बैठक आयोजित कर वकीलों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और शुभकामनाएं दीं। बार एसोसिएशन के प्रधान सुरजीत मढाण ने कहा कि यह हरियाणा के लिए अत्यंत गर्व का दिन है कि हिसार जिले से ताल्लुक रखने वाले ईमानदार, न्यायप्रिय और जनहित में निर्णय देने वाले जस्टिस सूर्यकांत देश की सर्वोच्च न्यायिक कुर्सी पर आसीन हुए हैं।

उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में न्यायिक व्यवस्था और अधिक पारदर्शी एवं त्वरित होगी। सुरजीत मढाण ने कहा कि जस्टिस सूर्यकांत ने अपने अब तक के सभी फैसलों में कानून और न्याय के मूल सिद्धांतों को सर्वोपरि रखा है। वह न केवल हरियाणा, बल्कि पूरे देश के वकीलों और न्यायाधीशों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय शारदा, कुलवंत कादियान, पूर्व प्रधान चांदवीर मढाण, विनोद शर्मा, राधेश्याम शर्मा, प्रवेश मेहता, नरेंद्र चीमा, बृज शर्मा, देवेंद्र मान, उपप्रधान नीतिन भारद्वाज, महासचिव नवीन राणा, सह सचिव संगीता रानी सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे।

# 17 दिसंबर को देशभर में डीसी कार्यालयों पर प्रदर्शन करेंगे रिटायर्ड कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



रिटायर्ड कर्मचारी संघ करनाल की कन्वेंशन सोमवार को मानव सेवा संघ करनाल में जिला प्रधान बलराज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। संचालन जिला सचिव ओमप्रकाश सिंहमार ने किया, जबकि कार्यक्रम का प्रबंध जिला कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह रावत द्वारा किया गया।

कन्वेंशन में राज्य नेता बलवान सिंह नांदल (वरिष्ठ उपप्रधान), जय प्रकाश शास्त्री (संगठन सचिव), कृपाल सिंह नैन (राज्य सचिव), कृष्ण चन्द शर्मा (राज्य उपमहासचिव) तथा हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के अध्यक्ष डा. प्रमोद गौरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने रिटायर्ड कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

अपने संबोधन में बलराज सिंह ने बताया कि रिटायर्ड कर्मचारियों पर हो रहे हमलों के विरोध में 17 दिसंबर को देशभर के जिला उपायुक्त कार्यालयों पर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। कन्वेंशन में कृष्णा देवी, पार्वती तनेजा, अनीता, डा. रणदीप श्योराण, डा. बलवान सिंह, योगेंद्र शर्मा, हरपाल सिंह, ईषम सिंह आर्य, रमेश कुमार, लाभ सिंह आर्य, कर्मबीर दुहन, राजपाल शाहपुर, हरीश शर्मा, सेन्सर पाल, मनोहर लाल, ओम दत्त, जोगिन्दर सिंह, राजपाल, बसुरिंदर सिंह पाल, धीरज रावत, हुकम सिंह, गुरदयाल सिंह, विजय पाल, अमर सिंह, रामकिशन गोंदर, सतनाम सिंह, गुरबाज सिंह, सुरजीत सिंह, ताराचंद सैनी सहित सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे।

**उन्होंने कहा कि संघ की प्रमुख मांगों में**

पेंशन संबंधित वित्त विधेयक 2025 को तुरंत वापस लेना, कम्यूट की गई राशि की कटौती सभी राज्यों में अधिकतम 11 वर्ष तक ही लागू की जाए, कोरोना काल में रोका गया 18 माह का महंगाई भत्ता एरियर ब्याज सहित दिया जाए जैसी मांगें शामिल हैं। बैठक में जिला कमेटी व सभी ब्लॉक कमेटी सदस्यों ने आश्वासन दिया कि 22–23 फरवरी 2026 को सैनी धर्मशाला, कुरुक्षेत्र में होने वाले दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए तन-मन-धन से सहयोग करेंगे।



**पीएनबी में लघु उद्योगों को लेकर हुआ कार्यक्रम**

**करनाल।** पंजाब नेशनल बैंक, करनाल मंडल कार्यालय में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) के हितों को लेकर संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान कार्यालय के उप महाप्रबंधक श्री परवेंद्र कुमार मुख्य अतिथि रहे, जबकि हरियाणा औषध निर्माण संघ के अध्यक्ष श्री आर.एल. शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उनका स्वागत मंडल प्रमुख श्री त्रिमूर्ति शिव पांडे ने किया। कार्यक्रम में उपमंडल प्रमुख श्री के.डी.एस. अग्रवाल, मंडल ऋण केंद्र प्रमुख श्री विजय राज सिंह राठौर तथा प्राथमिक ऋण योजना प्रमुख श्री अमनप्रीत सिंह भट्टी भी मौजूद रहे। मौके पर चयनित लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। कुछ लाभार्थियों ने बैंक की त्वरित और पारदर्शी सेवाओं की प्रशंसा की। मंडल प्रमुख श्री पांडे ने औषध निर्माण संघ से सहयोग की अपील करते हुए करनाल में औषधि समूह के मूल्यांकन हेतु बैंक के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योगपतियों से संवाद बढ़ाना और उन्हें बैंक की योजनाओं से जोड़ना रहा।

# डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम नवाचार सम्मेलन में 700 से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



चंडीगढ़ विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम राष्ट्रीय नवाचार सम्मेलन 2025-26 का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता और विश्लेषण क्षमता विकसित करना रहा। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सलाहकार प्रो. (डॉ.) आर.एस. बावा तथा राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त विज्ञान शिक्षक प्रेम सिंह प्रमुख वक्ता रहे। करनाल के विभिन्न विद्यालयों से 700 से अधिक विद्यार्थियों ने सम्मेलन में भाग लिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विज्ञान मॉडल और व्यवहारिक परियोजनाएँ मुख्य आकर्षण रहीं। शीर्ष तीन परियोजनाओं को क्रमशः 15,000, 10,000 और 5,000 रुपये के पुरस्कार दिए गए। प्रेम सिंह ने सरल प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान के मूल सिद्धांत समझाए। प्रो. बावा ने कहा कि यह समय भारतीय युवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जहाँ विज्ञान, प्रौद्योगिकी और जैव-प्रौद्योगिकी में देश अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय शोध केंद्रित शिक्षा पर बल देते हुए उन्नत प्रयोगशालाओं, उद्योग सहयोग और उच्च स्तर के प्रशिक्षण द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रही है।



करनाल। पंडित चिरंजी लाल कॉलेज में 78वें एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विंग कमांडर सेनीन बशीर व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**एनसीसी ने युद्ध नायकों पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया**

**करनाल।** पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में 78वें एनसीसी दिवस के अवसर पर एनसीसी एयर विंग द्वारा 'युद्ध नायक' विषय पर प्रेरक व्याख्यान आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन हरियाणा एयर स्क्वाड्रन के कमांडिंग अधिकारी विंग कमांडर सेनीन बशीर के निर्देशन में किया गया। प्राचार्य डॉ. रेखा त्यागी ने उद्घाटन भाषण में कहा कि वीर सैनिकों की कहानियाँ युवाओं में अनुशासन, त्याग और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करती हैं। मुख्य अतिथि पूर्व सैनिक कुंदन लाल ने युद्ध नायकों की वीरता, साहस और कर्तव्यनिष्ठा के प्रेरक प्रसंग साझा किए। उन्होंने कहा कि आज की लड़ाई शारीरिक शक्ति की नहीं, बल्कि तकनीक और ज्ञान की है। कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के नायकों पर विशेष जानकारी दी गई तथा शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा और शहीद मेजर शैतान सिंह पर लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई।

# गुरु नानक खालसा कॉलेज में स्थापना दिवस समापन, अखंड पाठ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



गुरु नानक खालसा कॉलेज के 56वें स्थापना दिवस समारोह का समापन सोमवार को पूर्ण धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। तीन दिनों से चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ का भोग कॉलेज स्थित गुरुद्वारा साहिब में डाला गया, जिसके साथ ही पूरा परिसर 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयकारों से गूंज उठा।

इस अवसर पर कॉलेज परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस, उपप्रधान कंवरप्रीत कौर विर्क, महासचिव स. सुरिंद्रपाल सिंह पसरीचा, वित्त सचिव स. हरसुखजीत सिंह मान, कंवर हरतरण विर्क, प्राचार्य डा. चुहड़ सिंह, स्टाफ तथा विद्यार्थियों ने गुरुद्वारा साहिब में माथा टेक कर अरदास की। कॉलेज समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने संत बाबा जी को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया और कॉलेज की उन्नति के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।

**शांति सद्भाव और प्रेम का संचार ही असली धर्म**

मुख्य अतिथि के रूप में खालसा प्रचार इसराना साहिब से अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक संत बाबा राजेंद्र सिंह जी खालसा ने संगत को धार्मिक उपदेश दिए। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी के उपदेशों पर चलना ही जीवन की सच्ची दिशा है। विद्यार्थियों को उन्होंने आह्वान किया कि आध्यात्मिक शिक्षा के साथ-साथ रूहानियत और स्मरण पर विशेष बल देना चाहिए।संत बाबा जी ने कहा कि वह इस कॉलेज में तीसरी बार आए हैं और हर बार कॉलेज को तरक्की की ओर बढ़ते देखा है। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन समिति के पूर्व प्रधान, पूर्व सांसद, स्पीकर एवं मंत्री स. तारा सिंह को श्रद्धापूर्वक याद किया और उन्हें शिक्षा का सच्चा साधक बताया।

### संगत गुरू तेग बहादुर की शहादत का संदेश देती

# गुरु तेग बहादुर ने औरंगजेब की कट्टर सोच का विरोध किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल





डेरा कार सेवा में आयोजित गुरमत समागम में कथा करते हुए फतेहगढ़ साहिब के प्रसिद्ध कथावाचक ज्ञानी हरपाल सिंह ने कहा कि "एक राष्ट्र–एक धर्म–एक भाषा" जैसी सोच औरंगजेबी विचारधारा का प्रतिबिंब थी, जो विविधता को नकारती थी। जबकि परमात्मा की रचना बहुरंगी है—यदि परमात्मा भी औरंगजेबी सोच रखते तो दुनिया में एक ही रंग के फूल होते, हर मनुष्य एक जैसा होता। "यहाँ तक कि इंसान के दोनों हाथों के अंगूठों के फिंगरप्रिंट भी एक-दूसरे से नहीं मिलते," उन्होंने कहा। ज्ञानी हरपाल सिंह ने कहा कि धार्मिक विविधता और उपासना की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए ही गुरु तेग बहादुर जी ने औरंगजेब की कट्टर सोच का विरोध किया और अपने जीवन की आहुति दी। गुरमत समागम का आयोजन एक ओंकार मीडिया द्वारा डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा सुखा सिंह के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में करनाल की सिख संगत को न केवल निरंतर कीर्तन और कथा सुनने का सौभाग्य मिला, बल्कि उन्हें गुरु गोबिंद सिंह जी की दुर्लभ ऐतिहासिक निशानियों के भी दर्शन हुए। इक ओंकार मीडिया के प्रबंध निदेशक और इंटरनेशनल सिख फोरम के महासचिव प्रीतपाल सिंह पन्नू ने बताया कि सुबह 8 बजे आरंभ हुआ कीर्तन रात 10 बजे तक लगातार चलता रहा। गुरु तेग बहादुर जी द्वारा 15 रागों में उच्चारित 59 शब्दों और 57 श्लोकों का कीर्तन किया गया, जिसके बाद सम्पूर्ण बाणी की सार-रूप कथा ज्ञानी हरपाल सिंह ने की। समागम में सचखंड श्री दरबार साहिब, अमृतसर के हजूरी रागी भाई भूपिंदर सिंह, भाई जबरतोड़ सिंह, भाई गुरदेव सिंह (ऑस्ट्रेलिया), तथा भाई जगमोहन सिंह पटियाला वालों ने कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया।

**कार्यक्रम में इनका किया सम्मान**

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जगदीश सिंह झिंडा, चरडी कला टाइम टीवी के चेयरमैन पद्म श्री जगजीत सिंह दर्दी, पंजाब भवन सरी के प्रधान सुखी बाठ, इंग्लैंड सुप्रीम कोर्ट के सॉलिसिटर एवं इतिहासकार प्रो. भूपिंदर सिंह, किसान नेता गुरनाम सिंह चाड़ूनी, कमेटी सदस्य गुरनाम सिंह लाडी और गुरुद्वारा मंजी साहिब के हेड ग्रंथी अमृतपाल सिंह का सम्मान किया।

## खबर संक्षेप

### अवैध कॉलोनी काटने वालों पर केस दर्ज होगा

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया अवैध निर्माण पर शिकंजा कसने को लेकर बैठक की। डॉ. दहिया ने अवैध निर्माण पर सख्ती से पेश आने के लिए कहा व और अधिक निगरानी बरतने के निर्देश दिए। किसी भी सूरत में अवैध निर्माण नहीं होना चाहिए। अधिकारी पूरी निगरानी बरते व इस कार्य में और तेजी लाएं। किसी भी तरह से अवैध कॉलोनियों को पनपने नहीं दिया जाएगा। तत्काल कार्यवाही कर एफआईआर दर्ज करने के उपायुक्त ने सम्बंधित विभाग को निर्देश दिए।

### पानीपत के गांव से विवाहिता लापता

**पानीपत।** पानीपत के एक गांव से विवाहिता लापता हो गई। विवाहिता मूल रूप से झारखंड की निवासी है और ढाई साल पहले उसका विवाह पानीपत जिला में हुआ था। पति की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने विवाहिता की गुमशुदी का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### इसराना में एसडीएम ने जनसुनवाई की

**पानीपत।** इसराना में सोमवार को उपमंडल इसराना में आयोजित समाधान शिविर में तीन शिकायतें दर्ज की गईं। वहीं, एसडीएम नवदीप सिंह नैन ने शिकायतों को निराकरण के लिए संबंधी विभागों को भेज दिया है। नैन ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए ताकि लोगों को समय पर न्याय मिल सके।

### पुलिस ने नाबालिग वाहन चोर पकड़ा

**पानीपत।** थाना सेक्टर 13/17 पुलिस ने अंसल में घर के बाहर खड़ी गाड़ी चोरी करने वाले एक नाबालिग चोर को संरक्षण में लेकर गिरफ्तार किया। वहीं, थानेदार किरण ने बताया कि पुलिस ने नाबालिग आरोपी को जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया जहां से उसे बाल सुधार गृह अंबाला भेज दिया गया। इस केस में सींक गांव निवासी जगत सिंह की शिकायत पर केस दर्ज है।

### मकान मरम्मत को 80 हजार रुपये मिलेगे

**पानीपत।** हरियाणा अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा सभी बीपीएल परिवारों को डॉ. बीआर अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत मकान मरम्मत के लिए 80 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है। उन्होंने बताया कि अभी तक यह लाभ केवल अनुसूचित जाति के बीपीएल परिवारों को ही दिया जा रहा था लेकिन हरियाणा सरकार द्वारा योजना में बदलाव के उपरान्त इसमें सभी पात्र बीपीएल परिवारों को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार ने योजना के तहत लाभार्थियों का दायरा बढ़ाने के साथ साथ योजना के तहत मिलने वाली राशि को भी 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 80 हजार रुपये किया है।

### नगर कीर्तन का स्वागत आज

**पानीपत।** तिलक और जनेऊ के रक्षक धन श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा शीश मार्ग नगर कीर्तन गुरुद्वारा शीश गंज साहिब से कीरतपुर साहिब ,आनंदपुर साहिब तक जाएगा। वहीं, नगर कीर्तन मंगलवार को पानीपत पहुंचेगा। यहां टोल प्लाजा पर नगर कीर्तन का स्वागत किया जाएगा।

### मादक पदार्थ के साथ दो तस्कर पकड़े


**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने 1 किलो 18 ग्राम अफीम तस्करी मामले में फरार चल रहे दो और आरोपियों नैन गांव निवासी सचिन उर्फ चीनू व वैशर गांव निवासी सचिन उर्फ अक्षय को गिरफ्तार किया है। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने दो साथी आरोपियों सावेज व निखिल के साथ मिलकर अफीम तस्करी की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस आरोपियों से नशा सप्लायर के ठीकानों का पता लगा उन्हें पकडने का प्रयास करेगी।

## किसान भवन में रहबरे-ए-आजम की जयंती पर यज्ञ किया

# दीनबंधु छोटू राम की शिक्षाओं का पालन करें किसान : सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के किसान भवन में दीनबंधु सर चौधरी छोटू राम की जयंती पर सोमवार को यज्ञ कर किसानों ने रहबरे-ए-आजम चौ. छोटू राम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके विचारों पर चलकर किसानों के हित में काम करने का संकल्प लिया। वहीं श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता किसान भवन के प्रधान दिलबाग सिंह बिंझौल ने की। जबकि किसान भवन के उप प्रधान अनिल कादियान, युवा प्रधान बिंटू मलिक सहित जिलाभर से बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। प्रधान दिलबाग बिंझौल ने कहा कि किसानों के मसीहा चौधरी छोटू राम ने जीवनभर किसान, मजदूर व कमेरे वर्ग के हित में काम किया। हमें चौधरी छोटू राम के आदर्शों एवं विचारों पर चलते हुए किसानों के हकों एवं अधिकारों की आवाज को बुलंद करना है। दिलबाग ने कहा कि पानीपत जिला एवं ब्लाक स्तर पर किसानों के मजबूत संगठन का गठन किया जाएगा और किसानों के हकों के लिये यूनियन को सड़कों पर उतर कर धरना, प्रदर्शन करना पड़ेगा तो यूनियन उसके लिये भी तैयार है। वहीं उप प्रधान अनिल कादियान व युवा प्रधान बिंटू मलिक ने कहा कि जिलाभर में अभियान चलाकर किसान यूनियन के साथ ज्यादा से ज्यादा किसानों को जोड़ने का काम करेंगे। इस मौके पर किसान भवन में अखंड जोत प्रज्वलित की गई, जोकि अब 24 घंटे जलती रहेगी। जिला परिषद के उपाध्यक्ष आर्य सुरेश मलिक ने कहा कि किसान भवन में अब हर रविवार को हवन किया जाएगा।



पानीपत। किसान भवन में सर छोटू राम की जयंती पर यज्ञ करते हुए किसान नेता आदि। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मलिक पंचगामा के प्रधान राजकुमार मलिक, सुधीर मलिक, सुरेश दहिया, शमशेर पूनिया डिडवाडी, प्रताप दहिया एडवोकेट, ऋषिपाल नांदल जाटल, हरपाल बिंझौल, दिलावर धौंचक, दयानन्द बिंझौल, शमशेर सींक, मनोज जागलान नौल्था, आर्य अजय कुंडू, सतनाराण बांगड कवि, नरेंद्र बबैल, बिजेंद्र आटा, सत्ता शाहपुर, सुरेंद्र कुटानी, चतुर्भुज बुडशाम, अशोक बिजेवा, जोगेंद्र इसराना, सतपाल नौल्था, जगदीश लाखु बुवाना, कृष्ण अटावला, सुरेश छौक्कर नौहरा, देशराज जाटल सहित सैकडों किसान मौजूद रहे। वहीं किसान भवन के प्रधान दिलबाग बिंझौल ने गोहाना रोड स्थित पुराने शुगर मिल स्थित चौ. छोटू राम की प्रतिमा पर किसानों के साथ माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर शुगर मिल से बीएस हुड्डा, बिजेंद्र मलिक उग्राखेडी, काशीनाथ शाहू समेत बडी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को हर हाल में तनाव मुक्त रखें टीचर : डॉ. निशा



पानीपत। जीडी गोयंका स्कूल के कार्यशाला में भाग लेते हुए टीचर्स। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

■ जीडी गोयंका स्कूल में क्षमता निर्माण आयोग कार्यक्रम का आयोजन

जीडी गोयंका स्कूल में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने पर क्षमता निर्माण आयोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूलों से शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रायोगिक और लिखित गतिविधियों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य, समय पाबंदी समयानुसार कार्य की बुनियादी बातें सीखी। प्रशिक्षक पूजा छाबड़ा और डॉ. निशा कुमारी ने प्रतिभागियों को विद्यार्थियों को तनाव से निपटने उनकी क्षमताओं को पहचानने, सीखने और समुदाय में कार्य करने आदि की। टीचर विद्यार्थियों को हर हाल में तनाव मुक्त रखें। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन अतुल जैन, मधु अग्रवाल, प्रधानाचार्या रेणुका अनेजा, युवराज जैन, कमल किशोर, मुस्कान जैन आदि उपस्थित रहे।

# जनसेवा में जुटी भाजपा सरकार : बेदी



पानीपत। जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो : हरिभूमि

■ जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में मंत्री ने शिकायतों का निराकरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरियाणा के सामाजिक, न्याय, सशक्तिकरण, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने जिला सचिवालय सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जो भी शिकायतें समिति की बैठक में आती हैं उन पर गम्भीरता से कार्य होता है व न्याय दिया जाता है। भाजपा सरकार जनसेवा में जुटी है। मंत्री का सभागार में पहुंचने पर उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने स्वागत किया। वहीं, जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में विभिन्न विभागों से सम्बंधित पंद्रह शिकायतें प्राप्त हुई थी जिनमें से नौ शिकायतें पिछली बैठक की लम्बित शिकायतें थी जबकि छह शिकायतें नई रखी गई थी। बैठक में विधायक प्रमोद विज, मेयर कोमल सैनी, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत, सांसद प्रतिनिधि गजेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# गीता की शिक्षाओं को जीवन में उतारें

■ महाभारत कालीन तिरखू तीर्थ पथरी में गूंजी संस्कृति की स्वर लहरियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग और रोहतक कला परिषद के निर्देश पर अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर तिरखू तीर्थ पथरी में आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम ने क्षेत्र का माहौल आध्यात्मिक और उत्साहपूर्ण बना दिया। सांस्कृतिक दल द्वारा प्रस्तुत विभिन्न कार्यक्रमों ने उपस्थित ग्रामीणों का मन मोह लिया। वहीं, कार्यक्रम का शुभारंभ सींक की सरपंच नीलम देवी और पाथरी की सरपंच सरोज रानी ने किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक दल से जुड़ी तन्नू शर्मा ने बताया कि ग्रामीणों में गीता जयंती को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला और लोगों ने बढ़-चढ़कर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भाग लिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार सांस्कृतिक विकास को आगे बढ़ा रही है। लोगों को अपनी संस्कृति को सहेजने के लिए आगे आना चाहिए।



पानीपत। तिरखू तीर्थ पर अतिथियों के साथ कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### गीता के महत्व पर प्रकाश डाला

तन्नू शर्मा ने बताया कि गीता महोत्सव के तहत 48 कोस की परिधि में यह सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित किया जा रहे हैं ताकि लोगों को इन तीर्थों की महत्ता का पता चल सके। कार्यक्रम के दौरान गीता के महत्व पर प्रकाश डाला गया और जीवन में इसके आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया गया। मंच पर विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने श्रद्धा और संस्कृति का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर तीरखू समिति के संरक्षक विशु मलिक, उप प्रधान सतबीर सिंह, मंत्री कृष्ण, कोषाअध्यक्ष बिजेंद्र सिंह, ऑडिटर महावीर सिंह राजीव व अमित सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



पानीपत। आईबी कॉलेज में विजेता विद्यार्थी अपनी टीचर्स के साथ।

# स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनें छात्राएं : डॉ. शशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आईबी पीजी कॉलेज के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग में एमकॉम अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए "ग्रामीण और शहरी विपणन के अंतर को पाटने में प्रौद्योगिकी की भूमिका" विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। वहीं, कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने अपने संबोधन में कहा कि आज के युग में प्रौद्योगिकी केवल सुविधा का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक समानता और विकास का माध्यम बन चुकी है। छात्राएं स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बने। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे तकनीक का उपयोग समाज के हर वर्ग तक ज्ञान और अवसर पहुंचाने के लिए करें। ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और अभिव्यक्ति दोनों को सशक्त बनाती हैं। वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम ऋतिक, द्वितीय मुस्कान, तृतीय अंजलि राणा रहे। जबकि ऋतिका व लावण्या को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

प्रीती मिगलानी धर्मपत्नी श्री अश्वनी (पुत्री श्री मोती लाल) निवासी मकान नम्बर 144, वार्ड नम्बर 12, नजदीक कलन्दर चौंक

**बनाम**

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रीती मिगलानी धर्मपत्नी श्री अश्वनी (पुत्री श्री मोती लाल) निवासी मकान नम्बर 144, वार्ड नम्बर 12, नजदीक कलन्दर चौंक, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता श्री मोती लाल पुत्र श्री नन्द लाल का दिनांक 19-03-2024 को स्वर्गवास हो चुके है व प्रार्थी की दादी लाजवन्ती प्रार्थी के पिता से काफी अरसे पहले स्वर्गवास हो चुकी है। मृतक स्वर्गीय मोती लाल के देहान्त के बाद उनके निम्न वारिस है 1- पुष्पा रानी पत्नी 2- प्रीती मिगलानी पुत्री 3- सौरव पुत्र 4- साक्षी पुत्री है। नगर निगम पार्षद वार्ड नम्बर 9, नवल जिन्दल व सुनील पटवारी हलका द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में निम्न वारसान की तसदीक की है।
इनके इलावा मृतक का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 उपरोक्त कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 19.11.2025 हस्ताक्षर व न्यायाल की मोहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार-कम
सब-रजिस्ट्रार, पानीपत।



पानीपत। जिला सचिवालय में जनसुनवाई करते हुए एसडीएम मनदीप।

### जनता की हर समस्या का हल कर रहा है प्रशासन

**पानीपत।** जिला सचिवालय में जनता समाधान शिविर में सोमवार को बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अपनी विभिन्न शिकायतें दर्ज कराईं। शिविर की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम मनदीप कुमार ने मौके पर कहा कि शिविर का उद्देश्य जनता तक प्रशासन की सुविधाएं सीधे और त्वरित रूप से पहुंचाना है। कुल मिलाकर 60 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से कई का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। डीएसपी राजबीर ने पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि किसी भी मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने साफ निर्देश दिए कि पुलिस से संबंधित हर शिकायत पर तुरंत और पारदर्शी कार्रवाई हो।

### वेतन की मांग को लेकर सफाई कर्मियों का प्रदर्शन

**पानीपत।** नगर निगम के अधीन कार्यरत करीब दो सौ सफाई कर्मचारियों ने सोमवार को जिला लघु सचिवालय में पहुंचकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने उपायुक्त को ज्ञापन देकर बकाया अपना तीन माह का वेतन देने की अपील की। स्मरणीय है कि प्रदर्शनकारी सफाई कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से नियुक्त किए गए है। ये चालू वर्ष की एक सितंबर से ड्यूटी कर रहे हैं, लेकिन उन्हें अभी तक वेतन नहीं मिला है। इसके चलते उनके साथ आर्थिक संकट खडा हो गया है, इसके चलते उनके परिवारों की भूखों मरने की नौबत आ गई है।



पानीपत। जिला सचिवालय में प्रदर्शन करते हुए महिला सफाई कर्मचारी।

### विद्यार्थियों को नशे के विरूद्ध जागरूक

**पानीपत।** पानीपत जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया है। अभियान के तहत गठित की नशा मुक्त टीम ने सोमवार को मोहयूदीनपुर थिराना गांव के सरकारी स्कूल में पहुंचकर विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को जागरूक किया। टीम द्वारा नशे के दुष्प्रभावों और इससे होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक नुकसान के बारे विस्तार से समझाया गया कि नशा करने से व्यक्ति का स्वास्थ्य तो बिगड़ता ही है, साथ ही उसका सामाजिक जीवन, शिक्षा और भविष्य भी प्रभावित होता है।

**हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम**

**तेरहवां पुरस्कार (सांत्वना पुरस्कार) (251 से अन्तिम विजेता तक)**

❖ वंतिका सुपुत्री जितेंद्र, बाबा मस्तनाथ नगर, रोहतक ❖ अरविन्द कुमार सिंह पुत्र श्री रामनेवाज सिंह निवासी गिज्जी रोड़, देव नगर, सांपला, रोहतक ❖ दिलबाग सिंह फौगाट, सुपुत्र श्री राममेहर सिंह, विजय नगर, बाग वाली गली, रोहतक ❖ अरविन्द कुमार सिंह सुपुत्र स्व. श्री रामनेवाज सिंह, गिज्जी रोड, देवनगर, सांपला, रोहतक ❖ इंशीका फौगाट पुत्री श्री हरेन्द्र फौगाट निवासी गांव रिठाल फौगाट, जिला रोहतक ❖ अंकुश पुत्र श्री राम कृष्ण लाल निवासी 186/15, पंचकुला ❖ अक्षित पुत्र श्री सुभाष चंद निवासी 2700, जी.एफ /15, पंचकुला ❖ ईशिका सुपुत्री गगनदीप, नजदीक पुराना बस स्टैण्ड, कुम्हारों की गली, भिवानी ❖ प्रीत सुपुत्र सत्यनारायण, पुराना बस स्टैण्ड, भिवानी ❖ धर्मवीर शर्मा सुपुत्र श्री भगवान शर्मा, उत्तम नगर, भिवानी ❖ कार्तिक सुपुत्र श्री विरेन्द्र, पुराना बस स्टैण्ड, भिवानी ❖ राशि सुपुत्री श्री रविन्द्र, पुराना बस स्टैण्ड, भिवानी ❖ कनिका सुपुत्री श्री धीरेन्द्र, गुजरो की ढाणी, भिवानी ❖ इशीका फौगाट सुपुत्री श्री हरेन्द्र फौगाट, गांव रिठाल फौगाट, रोहतक ❖ रविन्द्र सुपुत्र श्री महेन्द्र सिंह, बीपीओ छुछकवास, रोहतक ❖ सुनील कुमार सुपुत्र श्री नन्दलाल, नजदीक राणा धीर मन्दिर, भुना, फतेहाबाद ❖ श्रीरामबिलास बंसल सुपुत्र श्री कन्हैया लाल रामबिलास किरयाना हिसार, भूना, फतेहाबाद ❖ हर्षिता सुपुत्री श्री कमलजीत बास बादशाहपुर बास हिसार ❖ अर्जुन सिंह सुपुत्र श्री लाजे राम बास बादशाहपुर, हांसी, हिसार ❖ शिवकुमार सुपुत्र श्री फतेह सिंह, बास, आजमशाहपुर, बास, हिसार ❖ राजेन्द्र सिंह सुपुत्र श्री रामकिशन, खाण्डा खेड़ी, हांसी, हिसार ❖ विनीत सुपुत्र श्री कमलजीत बास बादशाहपुर बास, हिसार ❖ तेलु राम सुपुत्र श्री रान स्वरूप, बास, आजम शाहपुर, बास, हिसार ❖ राजसिंह सुपुत्र श्री चन्दर सिंह, नगली गोधा, जिला रेवाड़ी, हरियाणा ❖ रणसिंह, मार्डन हेयर ड्रेसर सुपुत्र श्री मदन लाल मोहनपुर नागल, रसुलपुर, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ सुरेश कुमार सुपुत्र श्री मुसडी लाल गांव बुयावास, झगडोली, महेन्द्रगढ़ ❖ रामानन्द यादव सुपुत्र श्री सिंहराम, गांव बचीनी, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री जगराम सुपुत्र श्री सोहनलाल यादव, गांव सिहोर, कनीना, महेन्द्रगढ़

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते है :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## सीबीएसई स्कूलों के खेलों के लिए पहलवानों का चयन किया

# युवाओं का खेलों में है उज्ज्वल भविष्य : गोदारा

*रंजीता कौशिक ने सभी अतिथियों व कोचों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

फैला उजियारा फाउंडेशन द्वारा सीबीएसई राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु विद्यालय स्तर के चयन ट्रायल गांव बुआना लाखु में संस्था के खेल मैदान पर हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ फाउंडेशन की अध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक ने दीप जला कर किया। जबकि मुख्य चयन कर्ता सीबीएसई डब्लूएसओ राजीव गोदारा ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा की खेलों में युवाओं का उज्ज्वल भविष्य है। वहीं, चीफ कोच नरेंद्र मलिक ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इधर, कोच आकाश मलिक ने बताया कि इस स्कूल नेशनल ट्रायल में अंडर-14 लड़के वर्ग में 35 किग्रा आकाश, 38 किग्रा प्रिंस, 41 किग्रा अंश पुनिया, 44 किग्रा यश, 48 किग्रा वंश, 51 किग्रा देव जाखड़, 55 किग्रा जतिन, 58 किग्रा ध्रुव मलिक, 75 किग्रा कार्तिक छीकरा। अंडर-14 लड़की वर्ग में 38 किग्रा तन्वी, 41 किग्रा मानवी बल्हारा। अंडर 17 मुक्त शैली में 45 किग्रा में अनंत, 48 किग्रा में नितिन, 51 किग्रा में देवांश, 71 में किग्रा आर्यन गुलिया, अंडर 17 ग्रीको रोमन वर्ग में 45 किग्रा मनदीप, 48 किग्रा अरमान, 71 किग्रा शुभम छलकरा, 87 किग्रा सनी, 92 किग्रा प्रिक्षित, 110 किग्रा शुभम छीकरा, अंडर 17 लड़की वर्ग में 46 किग्रा चेष्टा, 49 किग्रा अंजलि 55 किग्रा मानवी, 57 किग्रा, अंडर 19 ग्रीको रोमन लड़का वर्ग में 60 किग्रा हर्षित, 77 किग्रा शुभम का चयन किया गया। इस अवसर पर गांव बुआना लाखु के सरपंच मोहित मलिक, महावीर मलिक, भीम अवॉर्डी नरेंद्र मलिक, कोच पवन गिल, प्रदीप खत्री, अजय कुमार, बलदेव मलिक, ओमप्रकाश, डॉ प्रताप मलिक आदि उपस्थित रहे। वहीं, रंजीता कौशिक ने सभी अतिथियों व कोचों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।



## खबर संक्षेप

### बंदी अधिनियम मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज बंदी अधिनियम के मामले में सीआईए नारायणगढ ने आरोपी दिलबर को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। सीआईए नारायणगढ़ ने बताया कि 30 दिसम्बर 2024 को आरोपी दिलबर ने केंद्रीय कारागार की तस्वीरें अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर अपलोड कर दी थी। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था।

### हत्या प्रयास का आरोपी जांच में शामिल

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने आरोपी सुखवंत सिंह उर्फ सुख्खा को शामिल जांच किया है। परिवादी जसवंत सिंह ने 13 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई की आरोपी सुखवंत सिंह व अन्य ने 12 अक्तूबर 2025 को उसकी हत्या की नीयत से ट्रेक्टर चढाने की कोशिश करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने ने केस दर्ज किया था।

### बिजली अदालत का आयोजन आज

**अंबाला।** अंबाला शहर के उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में मंगलार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली अदालत आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल करेंगे। इसमें कोई भी उपभोक्ता अपनी बिजली से संबंधित शिकायत लेकर आ सकता है।

### कैंटर की टक्कर से ई रिक्शा चालक की मौत

**अंबाला।**-दिल्ली हाईवे स्थित बंदरी वाले मंदिर के निकट रविवार सुबह तेज रफ्तार कैंटर की चपेट में आकर ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कुम्हार मंडी निवासी विनोद कुमार (62) के रूप में हुई। हादसे के बाद घायल अवस्था में राहगीर कैंट के नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां से डॉक्टर ने चंडीगढ़ पीजीआई भेज दिया था। रास्ते में ही एमएम सद्दोपुर में विनोद कुमार ने दम तोड़ दिया। पड़ाव थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### उपायुक्त कार्यालय पर कल प्रदर्शन करने का किया ऐलान

# सीटू कार्यकर्ताओं ने मजदूर विरोधी चार लेबर कोड की प्रतियां फूंकी

**निरीक्षण तंत्र को नष्ट कर मजदूर की आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा पर हमला**



नारायणगढ़। लेबर कोड्स को लेकर प्रदर्शन करते सीटू कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज. नारायणगढ़

सीआईटीयू ने शहरी ठेका सफाई कर्मियों की बैठक कर सरकार द्वारा चारों लेबर कोड को "मजदूर हितैषी" बताने के भ्रामक प्रचार की पोल खोली। साथ ही बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक पर कॉरपोरेट्स हितैषी क़ानूनों की प्रतियां जलाकर अपना तीखा विरोध प्रकट किया। ठेका सफाई कर्मियों के नेता सागर, धर्मवीर, शशांक हंस, बीर सिंह, लखमी चंद व शेर सिंह ने कहा कि इन लेबर कोड में ठेका प्रथा को खत्म करने की बजाए और मजबूत कर दिया गया है। इसलिए यह कोडस वर्कर्स को कतई मंजूर नहीं है। सीटू नेता सतीश सेठी ने कहा कि यह चार लेबर कोड जंहा स्थाई रोजगार को खत्म करते है। वहीं फिक्स्ड-टर्म व ठेकाकरण को बढ़ावा देते हैं। इससे मजदूरों का शोषण और बढ़ेगा। इन कोड्स में मोदी सरकार ने कॉरपोरेटस के मुनाफों को बढ़ाने के लिए यूनियनों की ताकत कमजोर कर हड़ताल पर अंकुश लगाने तक के सख्त प्रावधान किए हैं। निरीक्षण तंत्र को नष्ट कर मजदूर की आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा पर हमला किया गया है। सभी के लिए न्यूनतम वेतन का दावा करने वाली सरकार के लेबर कोड 15 वें भारतीय श्रम सम्मेलन के मापदंडों की पालना नहीं करते और न ही वैज्ञानिक जीवनयापन वेतन देते हैं। कोड अनुसार केंद्र सरकार फ्लोर वेज तय करेगी जो राज्यों को न्यूनतम वेतन कम करने पर मजबूर करेंगे। यही नहीं बड़ी संख्या में स्कीम वर्कर्स को इससे बाहर कर दिया गया है। इसी प्रकार समय पर वेतन देने की वकालत करने वाली सरकार खुद स्कीम वर्कर्स का कई महीनों का वेतन रोक कर बैठी है। मनरेगा मजदूरों को लेबर कोड से बाहर कर दिया है। समय पर वेतन न देने वालों पर पहले जुर्माना लगाने का जो नियम था वह अब खत्म कर दिया है। नियुक्ति पत्र व एक साल की नौकरी के बाद ग्रेचुटी मजदूरों के अधिकारों की भरपाई नहीं कर सकती। सरकार कोरा झूठ बोल रही है कि लेबर कोड को लागू करने से पहले व्यापक परामर्श किया गया। सेठी ने कहा कि पिछले 10 सालों से श्रम सम्मेलन नहीं बुलाया गया। सभी केंद्रीय ट्रेड यूनियंस द्वारा वैज्ञानिक आधार पर दिए सबूतों की पूरी तरह से अनदेखी की गई।

#### फौरन रद हों

*यही नहीं संसद में विपक्ष की अनुपस्थिति में यह लेबर कोड पास किए गए। इसलिए सीटू मांग करता है कि चारों लेबर कोड फौरन रद हों। श्रमिक अधिकार, सामाजिक सुरक्षा व लोकतान्त्रिक स्वतंत्रता पुनरस्थापित हो। इसके अलावा सीटू सभी संगठित असंगठित क्षेत्र के मजदूरों, कर्मचारियों, पेंशनर्ज, किसानों व मेहनतकश जनता से अपील करता है कि 26 नवंबर को होने वाले प्रदर्शन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल हों।*




अंबाला। रेलवे फाटक पर चस्पाया गया नोटिस।

# वाहनों के लिए पांच दिन तक बंद रहेगा बलदेव नगर फाटक

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

शहर के बलदेव नगर फाटक अगले 5 दिनों तक आम जनता और वाहनों के लिए बंद रहेगा। रेलवे द्वारा मरम्मत एवं रख-रखाव के काम के कारण 28 नवंबर तक फाटक से आवागमन पूरी तरह रोक दिया गया है। इस दौरान शहर की ओर जाने वाले वाहनों को वैकल्पिक रास्तों से होकर गुजरना होगा, जिससे संबंधित क्षेत्रों में ट्रैफिक दबाव बढ़ने की आशंका है। रेलवे विभाग ने मौके पर पोस्टर चस्पा करके यह सूचना दी है कि अंबाला-चंडीगढ़ रेल लाइन पर स्थित बलदेव नगर फाटक को मरम्मत कार्य के चलते बंद किया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक फाटक की सुरक्षा और रेल लाइन की मजबूती के लिए इस मरम्मत कार्य को तत्काल शुरू करना जरूरी था, इसलिए छह दिनों के लिए यातायात रोकना पड़ा। स्थानीय लोगों एवं वाहन चालकों को इस फैसले के चलते दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि बलदेव नगर फाटक अंबाला शहर को चंडीगढ़ मार्ग से जोड़ने वाला अहम रास्ता है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे जल्दबाजी में इस मार्ग का प्रयोग करने से बचें और वैकल्पिक मार्गों का चुनाव करें। अंबाला रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक नवीन कुमार झा के अनुसार यह कार्य सुरक्षा कारणों से जरूरी था। उन्होंने कहा कि रेल लाइन की मजबूती और यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी वजह से फाटक को अस्थायी रूप से बंद किया गया है।

# पांच पिस्तौल और दस जिंदा कारतूस सहित बदमाश काबू

- आरोपित पर दर्ज हत्या समेत कई धाराओं के तहत अपराधिक मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



डिटेक्टिव स्टाफ ने गांव फतेहगढ़ के निकट एक बदमाश को हथियारों की खेप के साथ काबू किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पांच पिस्तौल तथा दस जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपित पर हत्या, जानलेवा हमला करने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं के तहत अपराधिक मामले दर्ज हैं। जुलाना थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव फतेहगढ़ निवासी कुलदीप अवैध असलहा के साथ गांव के निकट खड़ा हुआ है। जो किसी अपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते डिटेक्टिव स्टाफ ने कुलदीप को काबू कर लिया। पुलिस ने जब आरोपित की तलाशी ली तो उसके कब्जे से पांच पिस्तौल तथा दस कारतूस बरामद हुए। जुलाना थाना पुलिस ने कुलदीप के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपित कुलदीप के खिलाफ हत्या, जानलेवा हमला करने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं के तहत बीस अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपित से बरामद हथियारों की खेप के बारे में पूछताछ कर रही है कि आखिर इतनी मात्रा में अवैध असलहा को साथ रखने के पीछे मंशा क्या थी।

# इलेक्शन तहसीलदार को सौंपी छावनी विधानसभा के 213 बीएलओ की सूची

हरिभूमि न्यूज. अंबाला



अंबाला। बीएलओ की सूची दिखाती चित्रा व सहयोगी फोटो : हरिभूमि

छावनी विधानसभा क्षेत्र के 214 में से 213 बूथ लेवल एजेंटों की सूची इलेक्टशन तहसीलदार गुलशन शर्मा को युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने अपनी टीम के साथ सौंप दी। इस अवसर पर टीम चित्रा के वरिष्ठ नेता सुरेश त्रेहन और बीएलए-1 विशेष धीमान विशु भी मौजूद रहे। उन्होंने यह सूची चुनाव आयुक्त को औपचारिक रूप से सौंपकर आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी को एक व्यवस्थित रूप दिया है। सरवारा ने बताया कि सभी 213 बीएलए वालंटियर आधार पर आगे आए हैं। उन्होंने स्वेच्छा से अपने-अपने बूथों की जिम्मेदारी स्वीकार की है। उन्होंने कहा कि बूथ लेवल एजेंट चुनाव प्रक्रिया की सबसे बुनियादी इकाई होते है। मतदाता सूची के सत्यापन, अद्यतन तथा नए मतदाताओं की जाँच में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण कहा कि यह सूची पहले ही चुनाव आयोग को इसलिए सौंप दी गई है ताकि आयोग बीएलए के अनुभव और अभ्यास का उपयोग करते हुए मतदाता सूचियों की स्क्रीनिंग सुगमता से कर सके। सभी बीएलए घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करेंगे। उनकी जानकारी अद्यतन करेंगे और मतदाता सूची में सुधार के लिए आयोग के साथ निरंतर तालमेल बनाए रखेंगे। चित्रा ने स्पष्ट किया कि 214 बूथों में से केवल एक कुष्ठ आश्रम वाला बूथ अभी सूची से बाहर है, जिसकी नियुक्ति भी जल्द की जाएगी। उन्होंने कहा कि बीएलए टीम हर वार्ड में जाकर मतदाताओं तक पहुंचेगी, विश्वास स्थापित करेगी और चुनाव आयोग के साथ समन्वय बनाए रखते हुए चुनाव प्रक्रिया को अधिक सुगम, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाएगी। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा चुनाव आयोग को कुछ सुझाव भी दिए गए हैं जैसे कि आधार कार्ड को वोटर कार्ड से लिंक किया जाए। जिससे कि वोट डुप्लीकेट नहीं बन पाएगी। साथ ही चुनाव आयोग से मांग की कि बीएलओ के लिए एक अलग विभाग का गठन किया जाना चाहिए। जिनका काम सिर्फ वोटर लिस्ट को दरुस्त करना हो। अध्यापकों की ड्यूटी न लगाई जाए। जिससे बच्चें जो देश के भविष्य है उनकी शिक्षा में बाधा न हो। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल संगठनात्मक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक जिम्मेदारी का विस्तार है। उनका कहना था कि "हमारा उद्देश्य 100 प्रतिशत मतदाताओं तक पहुंचना, उनका विश्वास अर्जित करना और चुनाव प्रक्रिया को अधिक विश्वसनीय बनाना है।

### शिकायतों का तत्परता से हल करना सुनिश्चित करें

- नगराधीश ने समाधान शिविर में सुनी आमजन की समस्याएं

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने सोमवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए कहा कि नागरिकों की शिकायतों का निवारण करना विभाग के अधिकारियों का दायित्व है। इसलिए सभी संबंधित विभाग के अधिकारी समाधान शिविर में जो भी शिकायतें आती है, उनका तत्परता से निपटान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा निर्देशानुसार जिला व उपमंडल स्तर पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रत्येक सोमवार व वीरवार को समाधान शिविर आयोजित कर नागरिकों की समस्याओं का निवारण किया जा रहा।

### केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ का विज ने किया अभिनंदन, कुरुक्षेत्र हुए रवाना



अंबाला। केंद्रीय मंत्री का अभिनंदन करते मंत्री अनिल विज।

**अंबाला।** केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का सोमवार को एयरफोर्स स्टेशन अंबाला छावनी पहुंचने पर परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज, मंडलायुक्त संजीव वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, उपायुक्त अजय सिंह तोमर, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के साथ-साथ आर्मी व वायुसेना के उच्च अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। बता दें कि केंद्रीय रक्षामंत्री दिल्ली से हवाई मार्ग के माध्यम से अंबाला छावनी एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे थे। यहीं से अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए कुरूक्षेत्र के लिए रवाना हुए। सीईओ जिला परिषद गगनदीप, एसडीएम विनेश कुमार, एएसपी उत्तम, डीएसपी विजय कुमार, नायब तहसीलदार आशीष के साथ-साथ अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# किशोर की मौत की पुष्टि पर भड़के परिजन

हरिभूमि न्यूज. अंबाला




अंबाला। नागरिक अस्पताल का बाहरी दृश्य।

अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल में रविवार देर शाम को इलाज के लिए आए एक किशोर को डॉक्टरों द्वारा मृत बताने पर जबरदस्त हंगामा हो गया। किशोर के परिजनों और साथ आए लोगों ने अस्पताल परिसर में जमकर तोड़फोड़ की। आक्रोशित लोगों ने इमरजेंसी सेक्शन में कंप्यूटर, प्रिंटर समेत अन्य उपकरणों को नुकसान पहुंचाया। यहां मौजूद महिला डॉक्टर व स्टाफ को जान बचाने के लिए भागना पड़ा। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। रोषित परिजनों को मुश्किल से शांत करवाया गया। अब इस मामले में तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है। दरअसल रविवार शाम बलदेव नगर से कुछ लोग एक 14 वर्षीय किशोर को अस्पताल लेकर आए थे। बताया गया कि किशोर ने आत्महत्या का प्रयास किया था लेकिन जब तक उसे अस्पताल पहुंचाया गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ऑन-ड्यूटी डॉक्टर वंशिका ने मेडिकल जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों का गुस्सा भड़क उठा। उन्होंने हंगामा करना शुरू कर दिया। तनावपूर्ण माहौल के कारण अस्पताल में मौजूद महिला डॉक्टरों को खुद की सुरक्षा के लिए वहां से भागना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि महिला डॉक्टर जान बचाकर एमरजेंसी वार्ड से बाहर निकलीं। इस दौरान कई स्टाफ कर्मियों ने भी स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की लेकिन आक्रोशित लोगों ने उनके साथ भी हाथापाई कर दी। हंगामे के दौरान अस्पताल की एमरजेंसी सेवा लगभग करीब अढाई घंटे प्रभावित रही। कई मरीजों को इलाज के लिए इंतजार करना पड़ा। अस्पताल प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर बलदेव नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह स्थिति को शांत कराया। उधर अस्पताल कर्मियों का कहना है कि हंगामा करने वाले लोगों ने डॉक्टर पर हमला नहीं किया है। मगर तोड़फोड़ के दौरान खुद को नुकसान से बचाने के लिए ज्यादातर स्टाफ एमरजेंसी वार्ड से निकल गया था। उन्होंने बताया कि किशोर की मौत के कारण साथ आए लोगों का व्यवहार बेहद आक्रामक था। घटना के समय पूरे अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल था।

### ड्यूटी से गैरहाजिर चल रहे छह कर्मियों को कारण बताओ नोटिस

**अंबाला।** नगर परिषद में अब नया घोटाला सामने आया है। अब एक नए मामले विभागीय अधिकारियों की परेशानी बढ़ गई। नया मामला नगर परिषद में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को लेकर है जो नप की सफाई के लिए तैनात तो किए गए हैं लेकिन वह गैर हाजिर चल रहे हैं। वह कर्मचारी नगर परिषद से तनख्वाह लेने के बाद अपना काम कर रहे हैं। कोई दूसरी जगह ठेकेदारी का काम कर रहा है तो कोई ऑटो चला रहा है। ऐसे छह लोगों को नगर परिषद ने चिह्नित किया है और अब उन्हें लगातार गैरहाजिर रहने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अगर कर्मचारी नोटिस का कोई उचित जवाब नहीं देते तो फिर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जा सकती है। नगर परिषद के उपाध्यक्ष ललता प्रसाद ने बताया कि जब भी बिलों के भुगतान से जुड़ी फाइल उनके पास आती हैं तो इसके साथ ही घोटाले की बू भी आने लगती है। उन्होंने बताया कि ऐसे ही पहले गाड़ियों में डलने वाले पेट्रोल और डीजल के मामले को पकड़ा गया था। इसी प्रकार दूसरे मामले में ठेकेदार के वाहनों पर सरकारी कर्मचारी काम करते हुए पाया गया, तीसरे मामले में ठेकेदार की गाड़ियों में सरकारी तेल डालकर चूना लगाया जा रहा था। अब चौथे मामले में कर्मचारी ड्यूटी से गैर हाजिर हैं। बावजूद इसके उन्हें तनख्वाह मिल रही है जबकि वह किसी दूसरी जगह पर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन मामलों को लेकर ठोस कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में कोई भी कर्मचारी नगर परिषद को चूना न लगा सके।

*माउंट कार्मल इंटरनेशनल विद्यालय में शानदार कार्यक्रम*

# सार्थक प्रस्तुतियों से गुरु तेग बहादुर को छात्रों व शिक्षकों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज. नारायणगढ़

माउंट कार्मल इंटरनेशनल स्कूल काठेमाजरा में सोमवार को गुरु तेग बहादुर के 350 वें शहीदी दिवस को मनाने के लिए एक प्रेरणादायक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया। प्रार्थना सभा की शुरुआत श्रद्धापूर्ण प्रार्थना के साथ हुई, जिसके बाद गुरु तेग बहादुर के जीवन, शिक्षाओं और सर्वोच्च बलिदान पर प्रकाश डालते हुए एक संक्षिप्त परिचय दिया गया। छात्रों और शिक्षकों ने एक साथ आकर सार्थक प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। छात्रों द्वारा गुरु जी के साहस, करुणा और सत्य और समर्पण के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त करते हुए एक भावपूर्ण कविता का पाठ किया गया। इसके बाद एक ज्ञानवर्धक भाषण दिया गया, जिसमें गुरु तेग बहादुर के योगदान, उनके सार्वभौमिक भाईचारे के संदेश और भारतीय इतिहास में उनकी शहादत के महत्व को रेखांकित करता था। छात्रों ने भावपूर्ण शब्द भी प्रस्तुत किए जिससे माहौल शांत और भक्तिमय हो गया। मधुर प्रस्तुति ने सभी को आध्यात्मिक रूप से जुड़ने और गुरु जी की सहनशीलता और धार्मिकता की शिक्षाओं पर विचार करने में मदद की। प्रार्थना सभा का समापन गुरु तेग बहादुर के मूल्यों का सम्मान करते हुए स्मरण के सामूहिक क्षण के साथ हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुखविंदर कौर ढिल्लों ने एक सार्थक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए छात्रों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

### खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम

**बराड़ा।** आर्य पब्लिक स्कूल में पांचवां वार्षिक खेलकूद समारोह बड़े हर्ष और उत्साह के साथ भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल निदेशक साहिल वर्मा एवं प्रधानाचार्या प्रियंका बत्रा द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया। समारोह में कक्षा नर्सरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सप्रिंट, बलून, मटका, लेमन व पिरामिड रेस जैसी रोमांचक प्रतियोगिताओं ने बच्चों का उत्साह चरम पर बनाए रखा। पूरे मैदान में खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क की सुंदर छवि देखने को मिली। प्रधानाचार्या प्रियंका बत्रा ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेल न केवल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक हैं।

**कार्यक्रम** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विवि में आत्म-सशक्तिकरण से राष्ट्र-निर्माण थीम पर कार्यक्रम

**अतिथियों का भव्य स्वागत किया**

# जीवन में हर मनुष्य निभा रह अपना रोल

हरिभूमि न्यूज. अंबाला



अंबाला। कार्यक्रम में मौजूद लोग बीके बहनें।

अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय में सिक्योरिटी सर्विसेज विंग द्वारा आत्म-सशक्तिकरण से राष्ट्र-निर्माण थीम के अंतर्गत भावनात्मक कल्याण के लिए खुशहाल जीवन की रणनीतियां विषय पर देश की सेवा में अग्रसर रक्षा कर्मियों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन बड़े हर्षोल्लास से किया गया। इस कार्यक्रम में अभी जो सेवा के क्षेत्र में अग्रसर हैं उनके साथ साथ पूर्व रक्षा कर्मियों को भी आमंत्रित किया गया। मंचासीन सभी अतिथियों का बैज, तिलक, पौधे व पट्टे के साथ स्वागत किया गया। सिक्योरिटी सर्विसेज विंग की विशेष सदस्य राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी मीनाक्षी दीदी ने बताया यह विंग पिछले 25 वर्षों से भारतीय सुरक्षा बलों की सेवा में समर्पित है। दीदी ने बताया ब्रह्माकुमारीज़ हेडक्वार्टर माउंट आबू, सुरक्षा सेवा प्रभाग की तरफ से पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, हिमाचल व जम्मू पर इंडियन सिक्योरिटी फोर्सेस के लिए कार अभियान निकाला जा रहा है। इसके तहत ही इस विंग के कुछ सदस्य बीके भारती दीदी बीके जयश्री दीदी सहित अन्य सदस्य अंबाला कैंट में पहुंचे हैं। इसका उद्देश्य इन क्षेत्रो में मौजूद सुरक्षा बलों को लाभान्वित करना हैं। मुख्य वक्ता राजयोगी ब्रह्माकुमार संजीव भाई ने कहा हमारे जीवन में रिश्तो के रूप में, पड़ोसियों के रूप में दोस्त के रूप में कोई राम है कोई रावण है। उन्होंने कहा कि आप राम जैसा पार्ट बजा रहे हैं और आपके जीवन में रावण न आए तो बात क्या हुई। हर कोई मनुष्य अपना रोल निभा रहा है। मुझे मेरे रोल को सही रूप में निभाना है। कुछ लोग सोचते हैं कि अपने मन को हल्का रखने के लिए अगर हम सारा दिन हंसते रहेंगे तो क्या लोग हमें पागल नहीं कहेंगे? लेकिन सच तो ये हैं कि लोग हमें पागल न कहे उसके चक्कर में हम पागल बनते जा रहे हैं। दुनिया वो नहीं करती जो आप करने को कहते हो बल्कि दुनिया वो करती है जो वह आपको करता हुआ देखती है। आप अपने बड़े बच्चे को प्यार से कहते हैं अपने छोटे भाई के साथ प्यार से रहा करो। खुद आपका बड़े भाई से कोर्ट में कैसे चल रहा है। भ्राता ने कहा मंदिरों में जाकर हम सब रोज कहते हैं तन मन धन सब तेरा ऊपर वाला भी कहता होगा, चल झूठे अगर सब मेरा है तो फिर तू रोज टेंशन क्यों लेकर घूम रहा है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कर्नल आरडी सिंह, कर्नल सुरेश शर्मा सहित विभिन्न उच्च पदों से सम्मानित ऑफिसर्स व सैनिकों ने कार्यक्रम में उपस्थित हो कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।